# अक्षरों का महत्व

Question 1.
हमारी पृथ्वी कितनी पुरानी है ?
(a) पाँच लाख साल
(b) पाँच करोड़ साल
(c) पाँच अरब साल
(d) पाँच खरब साल

▼ Answer

Answer: (c) पाँच अरब साल

---

Question 2.
मनुष्य की सबसे बड़ी खोज क्या है ?
(a) अन्न
(b) अग्नि
(c) जल
(d) अक्षर

▼ Answer

Answer: (d) अक्षर

---

Question 3.
मनुष्य की सबसे बड़ी खोज क्या मानी जा सकती है ?
(a) आग की खोज
(b) अक्षरों की खोज
(c) वस्त्र की खोज
(d) लोहे की खोज

▼ Answer

Answer: (b) अक्षरों की खोज

---

Question 4.
अक्षरों को अंकित करने को क्या कहते हैं ?
(a) लिपि
(b) कलम
(c) कागज
(d) स्याही

▼ Answer

Answer: (a) लिपि

---

Question 5.
'प्रागैतिहासिक' शब्द की संधि-विच्छेद होगी
(a) प्राक् + इतिहासिक
(b) प्राग् + इतिहासिक
(c) प्राक् + ऐतिहासिक
(d) प्राग् + ऐतिहासिक

▼ Answer

Answer: (c) प्राक् + ऐतिहासिक

---

Question 6.
इस पाठ के लेखक कौन हैं ?
(a) विनय महाजन
(b) जया विवेक
(c) गुणाकर मुले
(d) जयंत विष्णु नार्लीकर

▼ Answer

Answer: (c) गुणाकर मुले

---

Question 7.
अक्षरों की खोज का सिलसिला लगभग कब शुरू हुआ ?
(a) छह हजार साल पहले
(b) दस हजार साल पहले
(c) एक हजार साल पहले
(d) दो हजार साल पहले

▼ Answer

Answer: (a) छह हजार साल पहले

---

Question 8.
अक्षर ज्ञान से पहले मनुष्य किस प्रकार संदेश भेजता था ?
(a) आवाज़ रिकार्ड करके
(b) हरकारे के द्वारा कहलाकर
(c) चित्रों के माध्यम से
(d) इनमें से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (c) चित्रों के माध्यम से

---

Question 9.
स्थायी भाषा कौन-सी है ?
(a) मौखिक
(b) लिखित

(c) सांकेतिक
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

▼ Answer

Answer: (a) मौखिक

---

Question 10.
पुराने जमाने में लोग अक्षरों की खोज के बारे में क्या सोचते थे ?
(a) अक्षरों की खोज मनुष्य ने की
(b) अक्षरों की खोज ईश्वर ने की
(c) अक्षर स्वयं उत्पन्न हुए
(d) अक्षरों को किसी ऋषि ने बनाया

▼ Answer

Answer: (b) अक्षरों की खोज ईश्वर ने की

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

(1)

पुराने जमाने के लोग सचमुच ही सोचते थे कि अक्षरों की खोज़ ईश्वर ने की है। पर आज हम जानते हैं कि अक्षरों की खोज किसी ईश्वर ने नहीं, बल्कि स्वयं आदमी ने की है। अब तो हम यह भी जानते हैं कि किन अक्षरों की खोज किस देश में किस समय हुई! 'हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जंतु नहीं थे। फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ।

Question 1.
पुराने ज़माने में लोग क्या सोचते थे ?
(a) अक्षरों की खोज चीनियों ने की है
(b) अक्षरों की खोज ईश्वर ने की है
(c) अक्षर की खोज मनुष्य ने की है
(d) अक्षर स्वयं ही पैदा हुए

▼ Answer

Answer: (b) अक्षरों की खोज ईश्वर ने की है।

---

Question 2.
अब हम क्या जान गए हैं ?
(a) किन अक्षरों की खोज कब हुई
(b) किन अक्षरों की खोज किस देश में हुई
(c) अक्षरों की खोज मनुष्य ने की है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं
सभी कथन सत्य हैं।

---

Question 3.
हमारी यह धरती कितनी पुरानी है ?
(a) पाँच अरब साल पुरानी है
(b) पाँच करोड़ साल पुरानी है
(c) पाँच लाख साल पुरानी है
(d) पाँच हजार साल पुरानी है

▼ Answer

Answer: (a) पाँच अरब साल पुरानी है।

---

Question 4.
आदमी ने धरती पर कितने साल पहले जन्म लिया ?
(a) पाँच हजार साल पहले
(b) पाँच लाख साल पहले
(c) पाँच करोड़ साल पहले
(d) पचास करोड़ साल पहले

▼ Answer

Answer: (b) पाँच लाख साल बाद।

---

Question 5.
जीव-जन्तु धरती पर कितने वर्ष बाद पैदा हुए ?
(a) पाँच करोड़ वर्ष बाद
(b) पचास लाख वर्ष बाद
(c) दो-तीन अरब वर्ष बाद
(d) एक अरब साल बाद

▼ Answer

Answer: (c) दो-तीन अरब वर्ष बाद ।

---

(2)

कोई दस हज़ार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औज़ारों का इस्तेमाल करता था। फिर उसने ताँबे और काँसे के भी औज़ार बनाए।
प्रागैतिहासिक मानव ने सबसे पहले चित्रों के जरिए अपने भाव व्यक्त किए। जैसे, पशुओं, पक्षियों, आदमियों आदि के चित्र। इन चित्र-संकेतों से बाद में भाव-संकेत अस्तित्व में आए। जैसे, एक छोटे वृत्त के चहुँ ओर किरणों की द्योतक रेखाएँ खींचने पर वह 'सूर्य' का चित्र
बन जाता था। बाद में यही चित्र 'ताप' या 'धूप' का द्योतक बन गया। इस तरह अनेक भाव-संकेत अस्तित्व में आए।
तब जाकर काफ़ी बाद में आदमी ने अक्षरों की खोज की। अक्षरों की खोज के सिलसिले को शुरू हुए मुश्किल
से छह हज़ार साल हुए हैं। केवल छह हज़ार साल !

Question 1.
आदमी ने गाँवों को बसाना कब शुरू किया ?
(a) दस हजार साल पहले
(b) बीस हजार साल पहले
(c) एक लाख साल पहले
(d) पाँच लाख साल पहले

▼ Answer

Answer: (a) दस हजार साल पहले।

---

Question 2.
पहले मनुष्य के औजार किन चीजों के बने होते थे ?
(a) लोहे के
(b) ताँबे के
(c) लकड़ी के
(d) पत्थर के

▼ Answer

Answer: (d) पत्थर के।

---

Question 3.
प्रागैतिहासिक मानव ने सबसे पहले अपने भाव किस प्रकार व्यक्त किए ?
(a) अक्षरों के द्वारा
(b) संगीत के द्वारा
(c) चित्रों के द्वारा
(d) पेड़ के पत्तों के द्वारा

▼ Answer

Answer: (c) चित्रों के द्वारा।

---

Question 4.
सूर्य का चित्र किसका प्रतीक होता था ?
(a) ज्ञान का
(b) ताप या धूप का
(c) सच्चाई का
(d) बहादुरी का

▼ Answer

Answer: (b) ताप या धूप का।

---

Question 5.
अक्षरों की खोज कितने साल पहले हुई ?
(a) एक हजार साल पहले
(b) दो हजार साल पहले

(c) पाँच हजार साल पहले
(d) छह हजार साल पहले

▼ Answer

Answer: (d) छह हजार साल पहले
छह हजार वर्ष पूर्व।

---

(3)

अक्षरों की खोज के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई। आदमी अपने विचार और अपने हिसाब-किताब को लिखकर रखने लगा। तबसे मानव को 'सभ्य' कहा जाने लगा। आदमी ने जबसे लिखना शुरू किया तबसे 'इतिहास' आरंभ हुआ। किसी भी जाति या देश का इतिहास तब से शुरू होता है जबसे आदमी के लिखे हुए लेख मिलने लग जाते हैं। इस प्रकार, इतिहास को शुरू हुए मुश्किल से छह हज़ार साल हुए हैं। उसके पहले के काल को 'प्रागैतिहासिक काल' यानी इतिहास के पहले का काल कहते हैं।
अतः हम देखते हैं कि यदि आदमी अक्षरों की खोज नहीं करता तो आज हम इतिहास को न जान पाते। हम यह न जान पाते कि पिछले कुछ हज़ार सालों में आदमी किस प्रकार रहता था, क्या-क्या सोचता था, कौन-कौन राजा हुए, इत्यादि।

Question 1.
मानव को कब से सभ्य कहा जाने लगा ?
(a) जब से अक्षरों की खोज हुई
(b) जब से मनुष्य ने कपड़े पहनना सीखा
(c) जब से मनुष्य ने विद्यालय खोले
(d) जब से मनुष्य ने बोलना सीखा

▼ Answer

Answer: (a) जब से अक्षरों की खोज हुई
जब से अक्षरों की खोज शुरू हुई।

---

Question 2.
इतिहास कब से आरंभ हुआ ?
(a) जब से मनुष्य ने दूसरे देशों के बारे में जाना
(b) जब से मनुष्य ने पढ़ना सीखा
(c) जब से मनुष्य ने लिखना सीखा
(d) जब से मनुष्य ने लिपि का विकास किया ।

▼ Answer

Answer: (c) जब से मनुष्य ने लिखना सीखा।

---

Question 3.
प्रागैतिहासिक काल किसे कहते हैं ?
(a) जब से इतिहास लिखा जाने लगा उस काल को
(b) आदि काल को
(c) इतिहास लिखे जाने से पहले के काल को
(d) जब से इतिहास लिखा जाने लगा उससे बाद के काल को

▼ Answer

Answer: (c) इतिहास लिखे जाने से पहले के काल को।

---

Question 4.
इतिहास को जानने में किसकी खोज का महत्त्व है ?
(a) अक्षरों की
(b) पत्थरों की
(c) कागज की
(d) कलम की

▼ Answer

Answer: (a) अक्षरों की।

---

Question 5.
इतिहास में 'इक' प्रत्यय जुड़ने से नया शब्द बनेगा.....
(a) इतिहासिक
(b) ऐतिहासिक
(c) एतिहासिक
(d) इतीहासिक

▼ Answer

Answer: (b) ऐतिहासिक।

---